Social Justice Union Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**बधाई एवं अवकाश सूचना**

सभी पाठकों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... होली के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 08 व 09 मार्च को अवकाश रहेगा। अगला अंक 11 मार्च को प्रकाशित होगा।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 08 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 160

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सुरक्षाबलों ने पकड़े 2 आतंकी-हथियार और गोला-बारूद बरामद

**जम्मू (आरएनएस)।** होली से पहले पाकिस्तान की बड़ी साजिश नाकाम हुई है। सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। प्रथम जानकारी के अनुसार ये दोनों आतंकियों को सुरक्षाबलों ने बारामूला से पकड़ा है। इन दोनों से काफी मात्रा में कई हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ है। बता दें कि इस समय देश में होली का त्यौहार चल रहा है। हमारे रंगीन त्यौहार में कोई भंग न डाले, इससे पहले ही सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है।

### यूपी में तेंदुए के हमले में 6 साल की बच्ची की मौत

**लखीमपुर खीरी (आरएनएस)।** लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर क्षेत्र में तेंदुए के हमले में छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। लडक़ी घाघरा नदी की नहर के पास शौच के लिए गई थी, जब सोमवार शाम तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। धौरहरा के रेंज अधिकारी एन.के. चतुर्वेदी ने कहा कि हम क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। क्षेत्र में तेंदुए को पकडऩे के लिए एक पिंजरा रखा जाएगा। तीन वर्षों में इस क्षेत्र में ऐसे हमलों में आठ बच्चे मारे गए हैं।

### बिटकॉइन में पैसे गंवाने के बाद छात्र ने की खुदकुशी

**लखनऊ (आरएनएस)।** बीकॉम द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में अपने 3.5 लाख रुपए के निवेश को गंवाने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के एलडीए कॉलोनी निवासी युवक का शव उसके घर में कपड़े से लटका मिला। शोक संतप्त परिवार के अनुसार, बिटकॉइन में निवेश किए गए पैसे खोने के बाद वह उदास था। पीड़ित के चचेरे भाई ने कहा, जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो कंपनी के प्रतिनिधि ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया। सरोजिनी नगर के एसएचओ संतोष कुमार आर्य ने कहा, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट में आत्महत्या के कारण मौत की पुष्टि हुई। यदि परिवार शिकायत दर्ज करता है, तो मामले की जांच की जाएगी।

### मुंबई के ब्लाइंड स्कूल के 7 बच्चे फूड प्वाइजनिंग के शिकार

**मुंबई (आरएनएस)।** बीएमसी आपदा नियंत्रण ने मंगलवार को कहा कि होली के दौरान ताड़देव के विक्टोरिया मेमोरियल ब्लाइंड स्कूल में छह नाबालिगों सहित कम से कम सात बच्चों को फूड पॉइजनिंग का शिकार होना पड़ा। बच्चों ने होली के उत्सव के दौरान कुछ खाया था जिसके बाद उन्हें अचानक पेट दर्द की शिकायत हुई और उल्टी होने लगी और उनमें से कम से कम दो को बुखार था। सभी बच्चों को बीएमसी के नायर अस्पताल ले जाया गया और इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर बताई गई है। आपदा नियंत्रण ने कहा कि पीड़ितों में पांच बच्चे 12 साल से ऊपर और दो 12 साल से कम उम्र के हैं। वे किस तरह का खाना खाते थे, कैसे बनाते थे और किसके द्वारा खाते थे आदि की जांच की जा रही है।

# 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान खरीदेगा रक्षा मंत्रालय



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्रालय ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ क्रमश: 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट और तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों की खरीद के लिए राजनाथ सिंह की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने के साथ एमओडी के अन्य वरिष्ठ नागरिक और सैन्य अधिकारी और हाल और एल एन टी प्रतिनिधि अनुबंधों पर हस्ताक्षर और आदान-प्रदान के दौरान उपस्थित थे। रक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करने के सरकार के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 01 मार्च, 2023 को 6,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एचएएल से 70 एचटीटी-40 ट्रेनर विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। मंत्रिमंडल ने एलएंडटी से तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों के अधिग्रहण के लिए एलएंडटी के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करने को भी मंजूरी दे दी थी, जिसकी कीमत 3,100 करोड़ रुपये से अधिक है, जो 6भारतीय-आईडीडीएम (स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित)8 श्रेणी के तहत है।

एचटीटी-40 ट्रेनर विमान

एचटीटी-40 एक टर्बो प्रोप विमान है जिसमें अच्छी कम गति से निपटने के गुण हैं और यह बेहतर प्रशिक्षण प्रभावशीलता प्रदान करता है। इस पूरी तरह से एरोबैटिक टैंडेम सीट टर्बो ट्रेनर में एक वातानुकूलित कॉकपिट, आधुनिक एवियोनिक्स, हॉट री-फ्यूलिंग, रनिंग चेंज ओवर और जीरो-जीरो इजेक्शन सीटें हैं। विमान नव-शामिल पायलटों के प्रशिक्षण के लिए भारतीय वायु सेना के बुनियादी प्रशिक्षक विमानों की कमी को पूरा करेगा। खरीद में सिमुलेटर सहित संबद्ध उपकरण और प्रशिक्षण सहायक शामिल होंगे। एक स्वदेशी समाधान होने के नाते, विमान भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की आवश्यकताओं को शामिल करने के लिए उन्नयन के लिए विन्यास योग्य है। विमानों की आपूर्ति छह साल की अवधि में की जाएगी। एचटीटी-40 में लगभग शामिल हैं। 56त्न स्वदेशी सामग्री जो प्रमुख घटकों और उप-प्रणालियों के स्वदेशीकरण के माध्यम से उत्तरोत्तर 60त्न से अधिक तक बढ़ जाएगी। एचएएल अपनी आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई सहित घरेलू निजी उद्योग को शामिल करेगा। खरीद में 100 से अधिक एमएसएमई में फैले हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करने की क्षमता है।

पोत भारतीय नौसेना की भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उनके बुनियादी प्रशिक्षण के बाद समुद्र में महिलाओं सहित अधिकारी कैडेटों के प्रशिक्षण को पूरा करेंगे। राजनयिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से पोत मित्र देशों के कैडेटों को प्रशिक्षण भी देंगे। जहाजों को संकटग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को निकालने, खोज और बचाव और मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों के लिए भी तैनात किया जा सकता है। जहाजों की डिलीवरी 2026 से शुरू होने वाली है। जहाजों को चेन्नई के कट्टुपल्ली में एलएंडटी शिपयार्ड में स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा। यह परियोजना साढ़े चार साल की अवधि में 22.5 लाख मानव-दिवस का रोजगार सृजित करेगी।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में भयानक लैंडस्लाइड से जेसीबी ऑपरेटर की मौत



**श्रीनगर (आरएनएस)।** श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर मंगलवार को भूस्खलन में एक जेसीबी ऑपरेटर की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि राजमार्ग के सीरी रामबन इलाके में भूस्खलन की चपेट में एक जेसीबी और एक निजी कार आ गई। इस घटना में सुरजीत सिंह नाम के जेसीबी चालक की मौत हो गई। जबकि भूस्खलन के मलबे की चपेट में आई एक निजी कार में सवार छह लोगों को बचा लिया गया है।

इस लैंडस्लाइड के कई वीडियो भी सामने आए हैं जो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर किए जा रहे हैं। इन वीडियो में लैंडस्लाइड के आते ही लोगों के चीखने चिल्लाने का आवाज भी सुनी जा सकती है। ये लैंडस्लाइड रामबन के सेरी में हुआ है। कुछ वीडियो कई गाडिय़ों सडक़ों पर गिरती भी नजर दिखाई दी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक लैंडस्लाइड के चलते एक गाड़ी चिनाब नदी में गिर गई जिसमें एक शख्स की मौत हो गई। बचाव अभियान लगातार जारी है।

अधिकारियों ने कहा कि घायलों की पहचान मोहम्मद ताज, रुबीना बेगम, सकिना बेगम, अब्दुल हमीद, सलमा बीबी और मोहम्मद आमिर के रूप में हुई है। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह सभी राजौरी जिले के मूंगलू गांव के निवासी हैं। भूस्खलन की वजह से राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

## 400 फुट गहरी खाई में गिरी कार, 3 की मौत



**सिरमौर (आरएनएस)।** सिरमौर जिला के उपमंडल संगड़ाह के तहत भवाई गांव के समीप एक कार के करीब 400 फुट गहरी खाई में गिरने से 2 युवाओं सहित 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक शिवपुर से भवाई की तरफ जा रही एक अप्लाइड फॉर आल्टो कार देर रात भवाई के समीप अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलने पर संगड़ाह पुलिस थाना व हरिपुरधार पुलिस चौकी की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं।

हादसे में कार में सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान 55 वर्षीय नेत्र सिंह पुत्र हसन देव निवासी गांव कुफर-भवाई तहसील संगड़ाह, पंकज (17) पुत्र यशवंत व कुलदीप सिंह (26) पुत्र रणजीत सिंह निवासी गांव दांथल-अंधेरी तहसील संगड़ाह के रूप में की गई है। शुरूआती जांच में हादसा कार चालक कुलदीप सिंह की लापरवाही के कारण सामने आया है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तीनों लोगों को खाई से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

डीएसपी संगड़ाह मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। ग्राम पंचायत प्रधान भवाई जोगिंद्र के अनुसार पंकज 12वीं कक्षा का छात्र था। बीडीसी चेयरमैन संगड़ाह मेलाराम शर्मा व भवाई पंचायत के पूर्व प्रधान बृजराज ठाकुर ने हादसे में 3 लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

## दर्दनाक हादसा : कालका-शिमला एनएच पर तेज रफ्तार कार ने रौंद डाले 9 मजदूर, 5 की मौत



**सोलन (आरएनएस)।** कालका-शिमला नैशनल हाईवे पर धर्मपुर में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने 9 प्रवासी मजदूरों को कुचल दिया, जिनमें से 5 की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रवासी मजदूर टक्कर के बाद सैंकड़ों फुट उछलकर दूर जा गिरे। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे प्रवासी मजदूर अपने काम पर सडक़ किनारे पैदल जा रहे थे।

इसी दौरान सोलन से कालका की ओर जा रही एक इनोवा गाड़ी ने इन प्रवासी मजदूरों को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे के दौरान 2 मजदूर तो उछलकर सडक़ से करीब 50 फुट नीचे खाई में जा गिरे जबकि बाकी सडक़ पर ही घायल होकर गिर गए। हादसा होते ही राहगीरों ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। उक्त घटना धर्मपुर में पंजाब नैशनल बैंक के पास घटी। इस घटना ने लोगों को हैरान कर दिया है। इनोवा गाड़ी के चालक की पहचान राजेश के तौर पर हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हादसे में गाड़ी के चालक राजेश को भी चोटे आई हैं। एसपी वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसपी के अनुसार यह हादसा इनोवा चालक की लापरवाही के कारण हुआ है। हादसे में मारे गए मजदूरों की पहचान गुड्डू यादव, राजा वर्मा, निप्प निषाद, मोती लाल यादव व सन्नी के रूप में हुई है जबकि घटना में अन्य 4 लोग घायल हुए हैं, जिनमें आदित्य, बाबू दीन, महेश व अर्जुन राय शामिल हैं। इन सभी का इलाज चल रहा है। वहीं स्थानीय विधायक विनोद सुल्तानपुरी व एसडीएम कसौली गौरव महाजन ने भी घायलों का कुशलक्षेम पूछा व पुलिस से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि 2 घायलों को एमएमयू अस्पताल सुल्तानपुर भेजा गया है जबकि गंभीर घायल 2 मजदूरों को पीजीआई चंडीगढ़ भेजा गया है। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेते हुए मामला दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## आबकारी मामला : ईडी ने तिहाड़ जेल में मनीष सिसोदिया से की पूछताछ



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने इस मामले में एक और गिरफ्तारी की है। उसने सोमवार की शाम को हैदराबाद के शराब कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई को हिरासत में लिया है। ईडी के अधिकारी धन शोधन रोकथाम कानून के तहत सिसोदिया का बयान दर्ज करने के लिए तिहाड़ जेल पहुंचे। सीबीआई ने 2021-22 के लिए आबकारी नीति बनाने और इसके क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में 26 फरवरी को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था और वह 20 मार्च न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने आम आदमी पार्टी (आप) के 51 वर्षीय नेता से पूछताछ के लिए अदालत से अनुमति ले ली है। सिसोदिया जेल की कोठरी संख्या एक में बंद हैं। ऐसी संभावना है कि एजेंसी ने उनसे कथित तौर पर सेलफोन बदलने और उन्हें नष्ट करने तथा दिल्ली के आबकारी मंत्री के तौर पर लिए नीतिगत निर्णयों और समयसीमा का पालन किए जाने को लेकर पूछताछ की। ईडी ने अदालत में दाखिल अपने पूरक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए थे। अगर जांच अधिकारी को ''यह मानने की वजहें मिलती हैं कि व्यक्ति धन शोधन के अपराध का 'दोषी' है तो ईडी पीएमएलए की धारा 19 लगा सकती है जिसके तहत उसे मामले में शामिल या आरोपी लोगों को गिरफ्तार करने की अनुमति मिल जाती है। सीबीआई ने सिसोदिया की हिरासत के दौरान आबकारी नीति में कथित गड़बड़ी के संबंध में उनका सामना उनके पूर्व सचिव सी अरविंद और तत्कालीन आबकारी आयुक्त आरव गोपी कृष्ण से कराया था। सीबीआई ने पिछले साल 25 नवंबर को दर्ज किए गए मामले के आरोपपत्र में सिसोदिया को आरोपी के तौर पर नामजद नहीं किया। ऐसा आरोप है कि दिल्ली सरकार की शराब कारोबारियों को लाइसेंस देने के लिए 2021-22 की आबकारी नीति से उद्यमियों को सांठगांठ करने का अवसर दिया गया तथा कुछ डीलरों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया जिन्होंने इसके लिए कथित तौर पर घूस दी। बहरहाल, आम आदमी पार्टी (आप) ने इस आरोप का जोरदार खंडन किया है। बाद में यह नीति रद्द कर दी गयी और दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की जिसके बाद ईडी ने पीएमएलए के तहत आरोपियों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया। इस बीच, अरुण पिल्लई को लंबी पूछताछ के बाद सोमवार शाम को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया। ईडी द्वारा इस मामले में यह 11वीं गिरफ्तारी है। पिल्लई 'रॉबिन डिस्टिलरीज एलएलपी नामक कंपनी में साझेदार हैं। ईडी ने दावा किया कि यह कंपनी तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी एवं विधान परिषद सदस्य के. कविता और अन्य से जुड़े कथित शराब कार्टल 'साउथ ग्रुप का प्रतिनिधित्व करती है। पिल्लई गिरफ्तार शराब कारोबारी समीर महंदरू, उनकी पत्नी गीतिका महंदरू और उनकी कंपनी इंडोस्प्रिरिट ग्रुप से भी जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि पिल्लई को एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा, जहां ईडी पूछताछ के लिए उनकी हिरासत देने का अनुरोध करेगी।

## राष्ट्रपति ने स्वीकार किया सिसोदिया और जैन का इस्तीफा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येन्द्र जैन का इस्तीफा राष्ट्रपति द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी है। बता दें कि आप सरकार के दोनों नेता इस समय जेल में बंद हैं और पिछले दिनों दोनों ने मंत्रिपद से अपना इस्तीफा दे दिया था।

गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में बताया कि राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सलाह पर, मनीष सिसोदिया, मंत्री, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का त्यागपत्र, तत्काल प्रभाव से स्वीकार करते हैं। वहीं दूसरी अधिसूचना में बताया गया कि राष्ट्रपति ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की सलाह पर सत्येन्द्र जैन का त्यागपत्र भी तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

गौरतलब है कि शराब टेंडर घोटाले में गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद मनीष सिसोदिया ने दिल्ली सरकार से इस्तीफा दे दिया था। वहीं सिसोदिया के साथ ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 9 महीने से जेल में बंद सत्येंद्र जैन ने भी अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भेजा था।

## होली पर 491 फेरे लगाएंगी 196 विशेष ट्रेन

**❒ विशेष ट्रेन देशभर के महत्वपूर्ण गंतव्यों को जोड़ेंगी**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** होली के त्योहार के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा और भीड़ कम करने के लिए 196 विशेष ट्रेन 491 फेरे लगाएंगी। रेलवे के अनुसार, विशेष ट्रेन देशभर के महत्वपूर्ण गंतव्यों को जोड़ेंगी। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा, होली के त्योहार के मौके पर रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए भारतीय रेलवे 196 विशेष ट्रेन के 491 फेरे चला रहा है।

बयान के मुताबिक, देशभर के प्रमुख स्थलों जैसे दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नयी दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर-बांद्रा टर्मिनस, पुणे-दानापुर आदि को जोडऩे के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएंगी।

रेलवे ने अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से चढ़ाने के लिए आरपीएफ (रेलवे पुलिस बल) के कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशन पर कतारें लगवाने सहित भीड़ नियंत्रण के विभिन्न उपाय लागू किए हैं।

मंत्रालय के अनुसार, ट्रेन का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों को आपातकालीन ड्यूटी में तैनात किया गया है।

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के लिए सरकार ने जारी की गाइडलाइन

**❒ सेलिब्रिटी नहीं कर सकेंगे गुमराह**

**नईदिल्ली |** आरएनएस



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म किसी प्रोडक्ट का प्रचार करने को लेकर सरकार ने सख्ती दिखाई है। अब कोई सेलिब्रिटी या इन्फ्लुएंसर जो किसी प्रोडक्ट को सोशल मीडिया पर इंडॉर्स करेंगे उन्हें सावधानी बरतनी होगी।

मिनिस्ट्री ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के तहत डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सेलिब्रिटी, इन्फ्लुएंसर और वर्चुअल इन्फ्लुएंसर्स के लिए गाइडलाइन जारी किया है। सरकार ने ये गाइडलाइंस इस उद्देश्य से जारी कि है कि कि किसी भी उत्पाद या सेवाओं का विज्ञापन करने वाले सेलेब्रेटी या इंफ्लूएंर्स दर्शकों को गुमराह न करें और वे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और किसी भी संबंधित नियमों या गाइडलाइन के कंप्लायंस में हों।

गाइडलाइन के मुताबिक, एंडोर्समेंट सरल और स्पष्ट भाषा में किया जाना चाहिए, और विज्ञापन, स्पॉन्सर्ड, सहयोग या पेड प्रोमोशन जैसे शब्दों का उपयोग किया जा सकता है. इंडिविजुएल को किसी भी प्रोडक्ट या सर्विस को एंडोर्स नहीं करना चाहिए जिसका उन्होंने व्यक्तिगत रूप से उपयोग या अनुभव नहीं किया है या जिसमें उनके द्वारा उचित परिश्रम नहीं किया गया है।

साथ ही मौजूदा समय में किस प्रकार की साझेदारी के लिए किस डिस्क्लेमर शब्द का उपयोग किया जाए, इसे लेकर भ्रम की स्थिति है। इसलिए, पेड या बार्टर ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए इनमें से किसी भी डिक्लेमर किए जाने वाले शब्द-विज्ञापन, ऐड, स्पॉन्सर्ड, सहयोग, या पार्टनरशिप का उपयोग किया जा सकता है, हालांकि, शब्द को हैशटैग या हेडलाइन टेक्स्ट के रूप में दर्शाया जाना चाहिए।

गाइडलाइन के अनुसार, व्यक्तियों या समूहों के पास दर्शकों तक पहुंच है और इन्फ्लुएंसर और सेलिब्रिटी के अधिकार, ज्ञान, स्थिति या रिश्ते के कारण किसी उत्पाद, सेवा, ब्रांड या अनुभव के बारे में अपने दर्शकों के खरीदारी के फैसले या राय को प्रभावित करने की शक्ति है, जिसके बारे में उन्हें अपने दर्शकों के साथ, खुलासा करना चाहिए।

डिस्क्लेमर संदेश में इस तरह से रखा जाना चाहिए जो स्पष्ट, प्रमुख और याद करने में पूरी तरह से उचित हो। खुलासे को हैशटैग या लिंक के समूह के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए. किसी तस्वीर में एंडोर्समेंट के लिए डिस्क्लेमर को छवि पर पर्याप्त रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए ताकि दर्शक उसे नोटिस कर सकें। किसी वीडियो या लाइव स्ट्रीम में एंडोर्समेंट के लिए डिस्क्लेमर ऑडियो और वीडियो दोनों रूप में किया जाना चाहिए और पूरी स्ट्रीम के दौरान लगातार और प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।